नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 19.12.2020

- **शहीद दिवस पर शहीदो की प्रतिमाओ पर माल्र्यापण कर किया गया याद,**
- **काकोरी कांड के शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल,अशफाक उल्ला खॉ एवं ठाकुर रोशन सिंह की स्मृति में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क से अशफाक उल्ला खॉ की मजार तक पैदल मार्च कर चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम।**

शाहजहॉपुर के 03 अमर सपूतो द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान काकोरी कान्ड में प्रतिभाग कर अपने प्राणो की आहूति दी गई। इन अमर सपूतो को विभिन्न जेलो में दिनांक 19 दिसम्बर 1927 को फांसी दी गई थी। इन अमर शहीदो के शहादत दिवस को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहीद दिवस पर नगर निगम द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप महानगर वासियो को स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में **बिस्मिल पार्क से अशफाक उल्ला खॉ की मजार तक स्वच्छता रैली** का आयोजन किया गया। इस रैली में नगर निगम के अधिकारियो,कर्मचारियो एवं विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो तथा संकल्प संस्था के डा0 अवधेश मणि त्रिपाठी द्वारा प्रतिभाग किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर वासियो से अस्वच्छता से आजादी की मुहिम का आहावान किया गया । इस अवसर पर शहीद अशफाक उल्ला खॉ के प्रपौत्र श्री आफाक उल्ला खॉ ने स्वच्छता मार्च की भूरि–भूरि प्रशंसा की एवं नगर वासियो से स्वच्छता में बढ़–चढ़ लेने की अपील गई तथा कहा गया कि स्वच्छ शाहजहॉपुर ही शहीदो के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो द्वारा नगर आयुक्त के इस मुहिम का पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की गई। स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव द्वारा **सफाई कर्मचारियो के सम्मान के साथ उनको स्वच्छता सैनिक नाम प्रदान किया गया।** पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वच्छता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड–19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पैदल मार्च में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा उप नगर आयुक्त महोदय श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता एवं स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम, व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष श्री सचिन बाथम, शहीद अशफाक उल्ला खॉ के प्रपोत्र श्री आफाक उल्ला खॉ, श्री राजीव खन्ना, श्री लक्ष्मीाकन्त मिश्रा,श्री अशोक गुप्ता,श्री लकी खान,श्री विजेन्द्र,श्री महेन्द्र कुमार दुबे, श्री राजेन्द्र सक्सेना, श्री दुजेन्द्र मिश्रा,श्री सुरेन्द्र सेठ एवं श्री चन्द्रवीर सागर,श्री हरवंश दीक्षित, श्री पवन कुमार, श्री सुनील शाक्य,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री विनय प्रताप सिंह डी0सी0 स्वच्छ भारत मिशन आदि उपस्थित रहे। इसके पूर्व प्रातःकाल नगर आयुक्त महोदय ने आज दिनांक 19.12.2020 को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद अशफाक उल्ला खॉ की मजार, शहीद ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा, शहीद नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिभा,शहीदो की प्रतिमाओ स्थित टाउनहाल, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा स्थित बिस्मिल पार्क, अम्बेडकर पार्क, शहीद उद्यान एवं गॉधी भवन में स्थित गॉधी जी प्रतिमा पर माल्र्यापण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त<br>
नगर निगम, शाहजहॉपुर